पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———

राज्यपाल ने जनपद बाराबंकी में 223 आंगनवाड़ी प्री–स्कूल किट का किया वितरण

———

लखनऊ : 31 जुलाई, 2024

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद बाराबंकी के हिन्द मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में 223 आंगनवाड़ी प्री–स्कूल किट का वितरण किया ।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने अपने सम्बोधन में समाज के उत्थान में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियो की महती भूमिका का उल्लेख करते हुए जनपद में संस्थागत प्रसव में हुए उल्लेखनीय वृद्धि को आधुनिक समाज की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने बच्चों की प्रगति व उत्थान हेतु बच्चों के पोषण और शिक्षा के विकास में योगदान देने का निर्देश दिया जिससे नवीन व सशक्त भारत का निर्माण हो सके। राज्यपाल जी ने जनपद में किये गये नवाचार 'स्वस्थ मूल, सुपोषित फूल' अभियान के तहत 400 एनीमिक गर्भवती महिलाओं को पोषण किट (पीनट बार, रागी बिस्कुट, ड्राई फूड्स) के वितरण के उपरांत निरन्तर सेवन करने से 349 गर्भवती महिलाओं के एनीमिया मुक्त होने एवं स्वस्थ प्रसव की साक्षी बनने की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे समाज में सकारात्मक बदलाव आयेगा।

राज्यपाल जी ने इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजनों में बच्चों की सहभागिता बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे बच्चों में आत्मविश्वास जागृत होता है तथा उन्हें सीखने का अवसर भी प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सभी माता पिता अपने बच्चों का पालन पोषण सकारात्मक सोच व सृजनात्मक तरीके से करें।

इस अवसर पर प्रदेश की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य, राज्य मंत्री खाद्य, रसद व नागरिक आपूर्ति श्री सतीश चन्द्र शर्मा, जिलाधिकारी व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

संपर्क सूत्र :
कृष्ण कुमार,
सूचना अधिकारी,
डॉ0 संगीता चौधरी, राजभवन
मो0 : 9454468250

N.R.C.
पोषण पुनर्वास केन्द्र
श्रीमती आनंदीबेन पटेल

पोषण पुनर्वास केन्द्र
दिनांक : 31-07-2024

दिनांक : 31-07-2024
स्थल : हिन्द मेडिकल कॉलेज, बाराबंकी

VHSND
N.R.C.
पोषण पुनर्वास केन्द्र